RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 28 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 124 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### सीएम शिंदे का महाराष्ट्र के लोगों से दावा

## ढाई साल में मुंबई की सड़कें हो जाएंगी गड्ढा मुक्त...



**मुंबई :** मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दावा किया है कि अगले दो से ढाई साल में मुंबई की सड़कें गड्ढों से मुक्त हो जाएंगी और सभी सड़कों को पक्का किया जाएगा। शनिवार को मुंबई के एक कार्यक्रम में सीएम एकनाथ ने यह वादा महाराष्ट्र की जनता से किया। शनिवार को मुंबई के एक कार्यक्रम में बोलते हुए, सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर शहर की सड़कों के कंक्रीटीकरण का काम पूरा हो गया होता, तो सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान नहीं जाती। सीएम ने कहा, ''दो से ढाई साल में मुंबई गड्ढों से मुक्त हो जाएगी और सभी सड़कें पक्की हो जाएंगी।''

### 'हर बरसात के मौसम में तारकोल की सड़कें बनाई जाती थीं'

**सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, ''पहले, हर बरसात के मौसम में तारकोल की सड़कें बनाई जाती थीं और लोगों को गड्ढों में यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ता था।'' पहले बाल ठाकरे और बाद में उनके बेटे उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली अविभाजित शिवसेना ने 1997 से 2022 तक 25 वर्षों तक नकदी-संपन्न बृहन्मुंबई नगर निगम को नियंत्रित किया।**

## माहिम निवासी 63 वर्षीय महिला की निमार्णाधीन साइट से लोहे की फीडर ट्रे गिरने से हुई मौत

**माहिम :** माहिम निवासी 63 वर्षीय महिला की शुक्रवार को एक निमार्णाधीन साइट से लोहे की फीडर ट्रे गिरने से मौत हो गई, जब वह इलाके के स्थानीय बाजार से घर लौट रही थी। मृतक की पहचान आइरीन रोड्रिग्स के रूप में हुई, जो माहिम पश्चिम के कपड़ बाजार में रहती थी। वह अपने भाई टोनी और बड़ी बहन लिबराटा के साथ मछली और सब्जियां खरीदने के लिए सिटी लाइट सिनेमा के पास बाजार गई थी। बीएमसी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 2.15 बजे श्रद्धा कंस्ट्रक्शन की एक नई ऊंची इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था, तभी लोहे की फीडर ट्रे गिर गई, जिससे महिला घायल हो गई।



उनके भाई टोनी रोड्रिग्स ने कहा कि दुर्घटनास्थल पर मौजूद एक व्यक्ति ने उनकी बहन के फोन पर आखिरी बार डायल किए गए नंबर पर कॉल किया और दुर्घटना की जानकारी दी। रोड्रिग्स ने कहा, ''मैं घटनास्थल पर पहुंचा और पाया कि निर्माण सामग्री ले जा रही ट्रे इमारत की आठवीं मंजिल से गिर रही थी। इसका प्रभाव इतना जोरदार था कि मेरी बहन की मौके पर ही मौत हो गई।'' महिला को सायन अस्पताल ले जाया गया जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को होगा. इस मामले की एफआईआर माहिम पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी।

## अजित पवार ने बारामती में किया शक्ति प्रदर्शन...

### शरद पवार गुट के NCP पर लगाया ये बड़ा आरोप



**मुंबई :** अजित पवार ने शनिवार को बारामती में शक्ति प्रदर्शन किया। शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार के साथ जुड़ने और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अजित पवार का बारामती का यह पहला दौरा था। इस दौरान उनके समर्थकों ने उनका जोरों-शोरों के साथ स्वागत किया। अजित पवार की 4 घंटे की रैली में उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया उनके समर्थक और जनता अभी भी उनके साथ खड़ी है।

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी असली आदर्श हैं। वे कड़ी मेहनत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री त्योहारों में भी अपने घर नहीं जाते बल्कि बॉर्डर पर सैनिकों से मिलकर उनके साथ त्योहार मनाते हैं। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को प्रेस से बात करते हुए कहा कि हमारी पार्टी में कोई टूट नहीं है। हां यह सच है कि हमारे कुछ विधायक चले गए हैं मगर कुछ विधायकों के जाने का मतलब पार्टी का टूट जाना नहीं होता है। उन्होंने आगे कहा कि राकांपा का मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष हूं और जयंत पाटिल पार्टी के राज्य नेता हैं।

### अजित पवार ने लगाया ये बड़ा आरोप

बारामती में हुई रैली के दौरान अजित पवार ने अपने चाचा और राकांपा प्रमुख शरद पवार के बारे में कुछ नहीं कहा मगर पार्टी पर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि कभी-कभी विकास के लिए अलग फैसले लेने पड़ते हैं। कुछ लोग हमारी आलोचना करेंगे मगर हमारी युवा पीढ़ी जानती है कि जो कदम मैंने लिया है वो सिर्फ बारामती के लोगों के हित में लिया है। उन्होंने पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि NCP ने मुख्यमंत्री पद का दावा नहीं किया। उनके पास 2004 और 2009 में चुनाव के बाद दो अवसर थे।

## शरद पवार के चलते कोश्यारी ने राज्यपाल पद से दिया था इस्तीफा?

### भगत दा ने महाराष्ट्र राजभवन के राज से उठाया पर्दा

**महाराष्ट्र :** भगत दा के नाम से मशहूर भगत सिंह कोश्यारी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में खूब सुर्खियां बटोरी थीं. सुबह तड़के देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार का शपथ ग्रहण समारोह हो या उद्धव ठाकरे की सरकार को फ्लोर टेस्ट का निर्देश देना हो, ऐसे कई फैसले रहे जिसे लेकर उनके ऊपर सवाल भी उठे. कोश्यारी ने इसी साल जनवरी में राज्यपाल के पद से इस्तीफा दे दिया था. उनके इस्तीफे को लेकर भी कई चर्चाएं होती हैं. अब भगत सिंह कोश्यारी ने राजभवन के कई राजों से पर्दा उठाया है.

भगत सिंह कोश्यारी ने इंडिया टुडे के स्टेट ऑफ दे स्टेट- उत्तराखंड फर्स्ट कार्यक्रम में कई सवालों के जवाब दिए. इसी में उनसे सवाल किया गया कि कहा जाता है कि इस्तीफे की वजह एनसीपी नेता शरद पवार की तरफ से दबाव था. इस पर कोश्यारी ने कहा



कि शरद पवार जी इस देश के वरिष्ठ नेताओं में हैं, जिनका आज भी सभी सम्मान करते हैं. कोश्यारी ने दबाव की बात से इनकार करते हुए कहा कि शरद पवार ने मुलाकात के दौरान अपने मन की बात उनसे कही थी. ऐसा कुछ भी नहीं था. राजनीति में अंदर कुछ कहते हैं, बाहर कुछ कहते हैं.

### अजित पवार की तारीफ, तंज भी

**अजित पवार के सवाल पर कोश्यारी ने थोड़ा तंज कसा और तारीफ भी की. कोश्यारी ने कहा, अजित पवार महाराष्ट्र में एक सुलझे हुए राजनेता हैं. उत्तराखंड के सीएम रह चुके भगत सिंह कोश्यारी ने बिना नाम लिए अपने ही राज्य के एक पूर्व सीएम से अजित पवार की तुलना की और कहा कि जैसे हमारे प्रदेश में एक बड़े नेता हैं, वो कितनी बार हार जाएं वो हार नहीं मानते, ऐसे ही अजित पवार भी ऐसे व्यक्ति हैं, उनकी जितनी भी बार डिप्टी सीएम बनने को कहो वे तैयार रहते हैं. इसलिए कभी-कभी उनपर दया भी आती है. कोश्यारी ने आगे कहा, अजित पवार होशियार आदमी हैं. उनका जनाधार बहुत है. संगठन में मजबूत पकड़ है. एनसीपी के अधिकांश विधायक अजित पवार के साथ हैं. इसलिए उनका अपना स्थान है.**




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### हटे 'बोर्ड' का बोझ

केंद्र सरकार की ओर से बुधवार को जारी किए गए नैशनल करिकुलम फ्रेमवर्क NCF की जो सबसे बड़ी खूबी कही जा सकती है वह है इसे तैयार करने में दिखाया गया लचीलापन। इसी साल अप्रैल में जारी किए गए इसके ड्राफ्ट पर लोगों से फीडबैक मांगा गया था। बड़े पैमाने पर फीडबैक आया भी और उस पर खुलेपन से विचार भी किया गया। यह बात उन बदलावों से स्पष्ट है जो अप्रैल में जारी ड्राफ्ट के मुकाबले बुधवार को जारी अंतिम NCF में दिख रहे हैं। ड्राफ्ट में छठी, सातवीं और आठवीं क्लास में तीन भाषाएं और नौवीं-दसवीं में दो भाषाएं पढ़ाने की बात थी, जबकि दसवीं और ग्यारहवीं में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं को लेकर कोई दिशानिर्देश नहीं दिया गया था। लेकिन फाइनल कॉपी में नौवीं और दसवीं क्लास के लिए तीन भाषाएं (दो भारतीय) जबकि दसवीं और ग्यारहवीं के लिए दो भाषाएं (एक भारतीय) पढ़ाने की बात साफ-साफ कही गई है। दूसरा महत्वपूर्ण उदाहरण वार्षिक परीक्षा व्यवस्था की जगह सेमेस्टर सिस्टम लाने का है। ड्राफ्ट में इस बदलाव को तत्काल लागू करने की सिफारिश की गई थी। लेकिन बताया जाता है कि कई राज्य इसके खिलाफ थे। उनका कहना था कि उनके इन्फ्रास्ट्रक्चर को देखते हुए यह बदलाव तत्काल करना ठीक नहीं होगा और इसलिए इस पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए। इन सुझावों के अनुरूप फाइनल NCF कहता है कि लंबी अवधि में सभी बोर्डों को सेमेस्टर सिस्टम लागू करना चाहिए।

एक अहम व्यवस्था जिसे ड्राफ्ट और फाइनल दोनों में जस का तस रखा गया है, 12वीं के बोर्ड एग्जाम से जुड़ी है। NCF के मुताबिक, 12वीं क्लास में बोर्ड एग्जाम साल में दो बार हुआ करेंगे। स्टूडेंट्स अपनी मर्जी और तैयारी के मुताबिक विषय चुनकर इनमें बैठ पाएंगे और बाकी विषय अगली बार के लिए रख सकेंगे। इतना ही नहीं, उन्हें दोनों परीक्षाओं में बैठने और बेस्ट स्कोर रखने का भी अधिकार होगा। जाहिर है, इस व्यवस्था का मकसद स्टूडेंट्स पर बोर्ड एग्जाम का दबाव कम करना है। संपूर्णता में देखा जाए तो NCF की तमाम सिफारिशें 2020 में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों और भावनाओं के अनुरूप हैं। NCF की भूमिका स्कूली पाठ्यक्रम, पढ़ाने के तौर-तरीके वगैरह तय करने का पैमाना तैयार करने की होती है। हालांकि शिक्षा राज्य सूची का विषय है और इसीलिए खासकर राज्य शिक्षा बोर्डों के लिए इसकी सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हैं। फिर भी देश में स्कूली शिक्षा को बदलते दौर की जरूरतों और वैश्विक मानदंडों के अनुरूप ढालने और इसके साथ-साथ बच्चों को अपनी जड़ों से भी जोड़े रखने के लिहाज से ये खासे महत्वपूर्ण हैं। हां, यह देखना जरूरी है कि इस पर अमल करते हुए भी वह संवेदनशीलता बनाए रखी जाए जो ड्राफ्ट को अंतिम रूप देते हुए दिखाई गई ताकि व्यवहार में अगर उम्मीदों के मुताबिक नतीजे आते न दिखें तो आवश्यक फेरबदल करने में ज्यादा मुश्किल न हो।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# चंद्रपुर में 7 महीने में 73 किसानों ने आत्महत्या की

## महाराष्ट्र के इस जिले में 5 साल में 446 किसान खुदकुशी कर चुके...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में इस साल 7 महीनों में 73 किसानों ने खुदकुशी की है। इनमें पिछले महीने यानी जून में सुसाइड करने वाले 13 लोग भी शामिल हैं। चंद्रपुर जिले में साल 2001 से 2023 तक 1148 आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले पांच सालों में 446 किसानों ने अपनी जान दे दी।



**पिछले साल दिसंबर से मुआवजे के 48 केस पेंडिंग**

कलेक्टर, जिला परिषद चीफ ऑफिसर और पुलिस सुपरिंटेंडेंट की एक कमेटी ने बताया कि सुसाइड करने वालों में 745 किसान ऐसे थे, जिन्हें सरकारी मुआवजा मिलना था। इनमें 329 किसान ऐसे थे, जों मुआवजे के हकदार नहीं थे। जिला प्रशासन के मुताबिक, उन्होंने मरने वाले किसानों के परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा था। इसमें दिसंबर 2022 से 48 केस पेंडिंग हैं। कृषि विभाग के मुताबिक, हमने सरकार को 44.63 करोड़ के मुआवजे का प्रस्ताव भेजा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3 लाख 51 हजार 91 किसान 1 रुपए प्रीमियम पर फसल बीमा ले चुके हैं। इनमें लोन लेने वाले किसान 50,890 और लोन ना लेने वाले किसान 3 लाख 201 हैं। PMFB के तहत जिले में 3,28,155.26 हेक्टेयर जमीन का बीमा कराया जा चुका है।

बीमा कंपनियों को किसानों की जगह अब महाराष्ट्र सरकार 98 करोड़ 59 लाख 30 हजार 865 रुपए और केंद्र सरकार 5 करोड़ 5 लाख 15 हजार 938 रुपए देगी। एक अफसर ने बताया- 2022-23 के खरीफ-रबी के सीजन में 98,177 किसानों को 87 हजार 489 करोड़ का लोन दिया जा चुका है।

### मृतक किसानों के परिवार को 1 लाख तक का मुआवजा...

कलेक्ट्रेट के एक अधिकारी ने बताया कि वे सरकार की गाइडलाइन का पालन कर रहे हैं। 2006 की गाइडलाइन के तहत मरने वाले किसानों के परिवार को 1 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। जब कोई किसान आत्महत्या करता है तो सरकार तय मानदंड के आधार पर मुआवजा देती है। गाइडलाइन के मुताबिक, फसल खराब होने पर, नेशनल को-ऑपरेटिव बैंक या साहूकार के पैसे ना चुकाने पर सरकार किसानों को 1 लाख रुपए देगी। इस एक लाख में से 30 हजार रुपए किसान को उसी समय दिए जाते है और बाकी 70 हजार उनके खाते में 5 साल के लिए जमा किए जाते है।

### बाढ़ और बारिश की वजह से फसल हुई खराब

कृषि विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इस साल जून-जुलाई में बाढ़ और बारिश की वजह से कुल 54 हजार 514 हेक्टेयर फसल खराब हो चुकी है। इससे चंद्रपुर जिले के 852 गांवों के 64 हजार 379 किसानों की फसल खराब हुई। सबसे ज्यादा फसल गोंडपिपरी तहसील में खराब हुई है। यहां 12,571 हेक्टेयर में लगी फसल प्रभावित हुई।

# मुंबई के गैलेक्सी होटल में लगी भयानक आग, 3 लोगों की मौत... 2 झुलसे



**मुंबई:** मुंबई के मशहूर गैलेक्सी होटल में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। होटल में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इस घटना में कुल पांच लोग झुलस गए हैं। आग होटल की तीसरी और चौथी मंजिल पर दोपहर करीब 1 बजे लगी। गैलेक्सी होटल सांता क्रूज पूर्व में स्थित है। फायर ब्रिगेड की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, होटल से पांच लोगों को निकाला गया है। इनकी पहचान की गई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बचाव कार्य शुरू किया। इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। होटल की तीसरी मंजिल पर लगी आग को बुझाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। फायर ब्रिगेड की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक आग दोपहर करीब 1:17 बजे लगी। इसके बाद इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई।

**आग में मरने वाले कौन?**

सांताक्रूज ईस्ट में विमल गुप्ता रोड पर प्रभात कॉलोनी में बीएमसी कार्यालय के पास गैलेक्सी होटल में आग लग गई। इस अग्निकांड में पांच लोग झुलस गए। इनमें से तीन की मौत हो चुकी है। इसमें रूपल कांजी उम्र 25 साल, किशन एम 28 साल, कांतिलाल गोरधन वारा 48 साल की मौत हो गई है। वहीं, फायर ब्रिगेड के मुताबिक, अल्फा वखारिया 19 साल और मंजुला वखारिया 49 साल घायल हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत अब स्थिर है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक इस आग में बिजली के तार, एसी सिस्टम, पर्दे, फर्नीचर जल गए हैं। आग कमरा नंबर 103 और 203 में लगी। तीसरी मंजिल पर लगी आग से अन्य सामान भी जल गया।

# नासिक में एटीएम मशीन से 28 लाख रुपये की चोरी



**नासिक :** महाराष्ट्र में नासिक जिले के निफाड तालुका के पिंपलगांव बसवंत में शनिवार तड़के अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर एक एटीएम को तोड़ दिया और 28 लाख रुपये चुरा लिए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात चोरों ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को तोड़ दिया और उसमें से लगभग 28 लाख रुपये नकद चुरा लिए। जानकारी के मुताबिक चोरों ने एटीएम तोड़ने के लिए कटर का इस्तेमाल किया और नकदी चुराने के लिए महंगी कारों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने बताया कि क्लोज सर्किट टीवी कैमरे में चार चोर कैद हुए हैं।




# शादी के लिए बेटी नहीं, संपत्ति में हिस्सा दो



**महाराष्ट्र:** अकोला में संपत्ति विवाद के चलते दो बेटों द्वारा अपने पिता पर हमला करने की घटना घटी है. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घायल पिता का नाम जितेंद्र उर्फ बालू ताथोड़ है. आरोपी बच्चों के नाम राम बालू ताथोड़ (28) और बजरंग बालू ताथोड़ (22) हैं. आरोपी बच्चे इस बात पर अड़े रहे कि उन्हें संपत्ति में हिस्सा दिया जाए और इसी बात को लेकर हुए विवाद के चलते उन्होंने पिता पर चाकू से हमला कर दिया. साथ ही, बड़ा बेटा राम शादी की उम्र में पहुंच गया है, उसके पिता उसका साथ नहीं देते, इसलिए उसे शादी के लिए लड़की नहीं मिल रही है. इस बात से वह नाराज था. इस मामले में यूराल पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है. बालापुर पुलिस के मुताबिक, बालापुर तालुका के कसुरा गांव के जीतेंद्र ताथोड (43) की पहली पत्नी के बेटे राम ताथोड़ और बजरंग ताथोड़ उनके घर में घुस आए और घर का हिस्सा देखने को कहा, लेकिन जितेंद्र ने हिस्सा देने से इनकार कर दिया. और तुम मेरी संतान नहीं हो इसलिए उन दोनों को धन देने का विरोध करने लगे. इससे पिता-पुत्र राम और बजरंग के बीच कहा-सुनी होने लगी। इसी विवाद के दौरान बच्चों ने पिता के सिर, पीठ, चेहरे, हाथ, माथे पर कोयते से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया. इस हमले के बाद दोनों लड़के मौके से भाग गए. स्थानीय नागरिकों की मदद से जितेंद्र ताथोड़ को तुरंत इलाज के लिए अकोला में भर्ती कराया गया.

# मुंबईकर पर पड़ने वाली है महंगाई की मार

## 1 सितंबर से होगी दूध के दामों में बढ़ोतरी



**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई पर अगले महीने से महंगाई की मार पड़ने वाली है. शहर में 1 सितंबर से दूध के दाम बढ़ने वाले हैं. हालांकि ये महंगाई सिर्फ भैंस के खुले दूध पर होगी पैकेट वाले दूध के दामों पर इसका असर देखने को नहीं मिलेगा. दरअसल दूध विक्रेताओं ने भैंस के दूध की कीमत बढ़ाने का फैसला किया है. एक लीटर भैंस के खुले दूध की कीमत रिटेल में 2 से 3 रुपये होगी, जबकि थोक मूल्य में भी 2 रुपये की वृद्धि होगी. मुंबई शहर में तीन हजार से ज्यादा दूध विक्रेता हैं. ये निर्णय कल सभी दूध विक्रेताओं की बैठक में लिया गया है. पैकेट वाले दूध पर इसका कोई असर नहीं होगा. हालांकि जो दूध खुला बेचा जाता है, उसकी कीमत में बढ़ोतरी होगी.

**क्यों बढ़ाई दूध की कीमत?**

दूध विक्रेताओं का कहना है कि पशुओं के चारे के दाम बढ़ गए हैं. इसका असर दूध उत्पादकों पर पड़ रहा है. इसे देखते हुए दूध उत्पादकों ने खुले दूध के दाम बढ़ाने का फैसला किया है. भैंस का थोक दूध फिलहाल 85 रुपये प्रति लीटर है, जो अब 87 रुपये प्रति लीटर होगा. इस दूध की रिटेल में कीमत 87 से 88 रुपये होने की संभावना है.

**मुंबई में हर दिन 50 लाख लीटर दूध की खपत**

**आम तौर पर त्योहारी सीजन में दूध की मांग 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ जाती है. साथ ही दूध से बनने वाली मिठाईयों की भी खपत बढ़ जाती है. मुंबई में प्रतिदिन 50 लाख लीटर से अधिक भैंस के दूध की खपत होती है, जिसमें से 7 लाख लीटर से अधिक की आपूर्ति टटढअ अपनी डेयरी, पड़ोस के खुदरा विक्रेताओं के जरिए मुंबई में करता है.**

मुंबई मिल्क प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन की बैठक में लिए गए फैसले से गणेश उत्सव, नवरात्रि, दीपावली और अन्य त्योहारों के दौरान दूध से संबंधित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि होने की संभावना है. बता दें कि इससे पहले मार्च में दूध की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी.

# दोहरे हत्याकांड में चार लोग गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कसारा घाट से जून में दो शव मिलने पर, उनकी हत्या के आरोप में शिरडी से चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चारों आरोपियों को 24 अगस्त को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक सोशल मीडिया पर उनकी एक परिचित महिला को कथित तौर पर परेशान कर रहे थे, जिस कारण उन्होंने दोनों व्यक्तियों की हत्या कर दी। दोनों व्यक्तियों के शव कसारा घाट पर 19 जून को अलग-अलग स्थानों पर मिले थे। इसके बाद, पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या और सबूत नष्ट करने का मामला दर्ज किया था। पुलिस के अनुसार, जांच के दौरान पता चला कि अहमदनगर जिले के लोनी पुलिस थाने में दो लोगों की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# मुंबई क्राइम ब्रांच ने भोपाल के सोना कारोबारी को पकड़ा :

## तीन आरक्षकों सहित पांच लोगों पर एक्टार्शन व बंधक बनाने का केस दर्ज करा चुका है



**मुंबई :** भोपाल के कोलार इलाके में स्थित मां पार्वती नगर में रहने वाले सोना व मसाला कारोबारी गौरव जैन को मुंबई क्राइम ब्रांच ने हिरासत में लिया है। उसे शनिवार-रविवार की दरमियानी रात क्राइम ब्रांच ने हिरासत में ले लिया था। रविवार अल सुबह पुलिस उसे मुंबई के लिए लेकर रवाना हुई है। उस पर मुंबई के कारोबारी को नकली सोना बेचने सहित, लूट, अपहरण व डकैती जैसे आरोप हैं। गौरव भोपाल के तीन आरक्षकों सहित पांच पर बंधक बनाकर जबरन साढ़े पांच लाख रुपए की वसूली का केस दर्ज करा चुका है।

**गौरव ने आरक्षकों पर दर्ज कराई थी एफआईआर**

मां पार्वती नगर कोलार निवासी 38 वर्षीय गौरव जैन, ज्वैलरी व मसाला के व्यापारी है। बीती 14 फरवरी को कोलार थाने के आरक्षक देवेंद्र श्रीवास्तव व रोहित शर्मा ने अपने दो अन्य साथियों के साथ गौरव को पिस्टल की नोंक पर बंधक बनाकर साढ़े पांच लाख रुपये की वसूली की थी। गौरव जैन ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत गृह मंत्री, डीजीपी और पुलिस आयुक्त से की थी। मामला सामने आने के बाद आरक्षक देवेंद्र व रोहित समेत पांच लोगों के खिलाफ 342, 419, 170, 384, 323, 506 की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। साथ ही दोनों को निलंबित कर दिया था। दोनों आरक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर तात्कालीन थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल को लाइन अटैच कर दिया था।

**एक दिन पहले कराया गिरफ्तार**

गौरव की शिकायत पर कोलार थाने में दर्ज एफआईर में फरार आरोपी कमला नगर थाने में पदस्थ रहे सिपाही पवन तोमर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पवन उस समय पकड़ा गया जब वह अर्जुन नगर के पास गौरव से समझौते की बात करने आया था। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। इस मामले में कोलार थाने में पदस्थ सिपाही देवेंद्र श्रीवास्तव और रोहित शर्मा 14 फरवरी से फरार हैं। हाईकोर्ट उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी भी खारिज कर चुका है। देवेंद्र और रोहित पर पांच-पांच हजार रुपए इनाम घोषित है।

**दोनों सिपाही 14 फरवरी से गैरहाजिर हैं**

सिपाही देवेंद्र और रोहित 14 फरवरी को ड्यूटी के बाद घर गए थे। इसके बाद सिविल ड्रेस में वापस कोलार थाने आए। उन्होंने गौरव के साथ घटना को अंजाम दिया था। जब उन्हें लगा कि वे फंस गए हैं तो अगले दिन समझौते के तहत उन्होंने 3.30 लाख रुपए वापस भी किए। दोनों सिपाही 14 फरवरी से गैर हाजिर हो गए हैं।

# 'BJP ने शुरू की नफरत की राजनीति'

## महाराष्ट्र के अहमदनगर में घटी घटना पर बोले नाना पटोले



**मुंबई :** महाराष्ट्र के अहमदनगर के हरेगांव में तीन दलित युवकों को एक पेड़ से बांधकर पीटने के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, 'अहमद नगर घटना पर देश और राज्य में BJP ने नफरत की राजनीति शुरू की है। इसी वजह से ये सब हो रहा है। इसके लिए यह राज्य सरकार जिम्मेदार है।' नाना ने कहा, 'इसके पीछे इखढ की विभाजनकारी नीति जिम्मेदार है। पहले इन लोगों ने हिंदू-मुस्लिम में झगड़े लगाए, अब हिंदू और दलितों में झगड़े लगाने का काम BJP कर रही है। जो इस घटना में दोषी हो, उस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस इस मुद्दे को उठाएगी और जो दलित परिवार हैं, उनको न्याय दिलाएगी।'

नाना ने कहा, 'BJP सरकार किसानों का फंसा रही है और उनके साथ धोखा कर रही है। इन्होंने प्याज पर निर्यात ड्यूटी लगाई। 2 लाख मैट्रिक टन खरीद करने की बात कही और उसमें भी शर्तें लगा दीं कि प्याज का आकार, प्याज का रंग ऐसा होना चाहिए। सरकार को प्याज खरीदना ही नहीं है। सरकार किसानों को गुमराह कर रही है।' नाना पटोले ने कहा, 'इंडिया अलायंस बैठक के लिए राहुल गांधी मुंबई आ रहे हैं। एक सितंबर को मुंबई के दादर से तिलक भवन कांग्रेस दफ्तर तक उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। रास्तों के दोनों तरफ लोग खड़े रहेंगे। राहुल गांधी का एक रोड शो होगा।'




# मिलिंद देवड़ा ने विपक्षी दलों में बन रही केमिस्ट्री की सराहना की... कहा- महाराष्ट्र सबसे अच्छा उदाहरण

**मुंबई :** कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा ने मुंबई में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की अहम बैठक से पहले रविवार को कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन साझेदारों के बीच सीट बंटवारे को कई राज्यों में कमोबेश अंतिम रूप दे दिया गया है, केवल कुछ राज्यों में ही थोड़े अधिक समय की आवश्यकता है। बैठक के आयोजन में अहम भूमिका निभा रहे देवड़ा ने 'इंडिया' के साझेदारों के बीच ''विकसित हो रहे तालमेल'' की भी सराहना की और कहा कि इसका सबसे अच्छा उदाहरण महाराष्ट्र में देखने को मिलता है।

'इंडिया' गठबंधन की बैठक 31 अगस्त-एक सितंबर को होनी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता देवड़ा ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के साथ साक्षात्कार में इस बात पर जोर दिया कि राज्य में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन में 'कोई समस्या नहीं है। देवड़ा ने यह बयान ऐसे समय में दिया है, जब एनसीपी के अजित पवार और पार्टी के आठ अन्य विधायकों ने दो जुलाई को राज्य में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार से हाथ मिला लिया था। इसके बाद, एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच बैठकों ने 'इंडिया' गठबंधन के साझेदारों के बीच घबराहट पैदा कर दी है। देवड़ा ने एनसीपी संबंधी घटनाक्रम से जुड़ी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि



एमवीए सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर बाद में चर्चा की जाएगी और इसे अंतिम रूप दिया जाएगा और एनसीपी में जो हो रहा है वह उसका ''आंतरिक मुद्दा'' है। 'इंडिया' गठबंधन 26 दलों का विपक्षी गुट है, जिसका गठन केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करने के लिए हाल में किया गया है। विपक्षी दलों की पहली बैठक पटना में और दूसरी बेंगलुरु में हुई थी, जिसमें इसका नाम 'इंडिया' रखा गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की बैठक पटना और बेंगलुरु में आयोजित हुई पिछली बैठकों की तुलना में अधिक सार्थक होगी? देवड़ा ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की हर बैठक समान रूप से महत्वपूर्ण है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हर बैठक के साथ आगे बढ़ने की कार्य योजना और दुरुस्त होती जा रही है। मैं मुंबई में बैठक आयोजित करने में व्यक्तिगत रूप से मदद कर रहा हूं और मैं इसकी सफलता को लेकर बहुत आशान्वित हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या मुंबई में 26 दलों के इस गठबंधन में और दलों के शामिल होने की संभावना है? 46 वर्षीय नेता ने कहा कि आमंत्रित और उपस्थित लोगों की अंतिम सूची को एमवीए साझेदार एक-दूसरे के करीबी समन्वय से अंतिम रूप दे रहे हैं। मुंबई में होने वाली बैठक में सीट बंटवारे, समन्वय समिति बनाने और गठबंधन के लिए संयोजक नियुक्त करने पर आगे की कार्रवाई होने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर देवड़ा ने कहा कि इन विषयों पर अगले सप्ताह बैठक में चर्चा हो सकती है। देवड़ा ने कहा, कई राज्यों में सीट बंटवारा को कमोबेश अंतिम रूप दे दिया गया है। कुछ ही राज्य बचे हैं, जिन्हें और समय की आवश्यकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कोई साझा न्यूनतम कार्यक्रम विकसित करने की आवश्यकता है? उन्होंने कहा, इन विषयों पर काम जारी है। मुझे यकीन है कि 'इंडिया' के सभी साझेदार एक ऐसा साझा राजनीतिक एवं विकासात्मक एजेंडा लेकर आएंगे, जो दूरदर्शी, रचनात्मक और सभी का ध्यान आकर्षित करने वाला होगा।

# नकली नोटों के साथ दो लोग गिरफ्तार



**नई मुंबई :** नई मुंबई की खारघर पुलिस ने नकली नोटों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने करीब 49,90,500 के नकली नोट बरामद किए हैं। पुलिस ने उन दोनों लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है कि आखिरकार वो लोग ये नकली नोट कहां से लेकर आए थे। दरअसल, खारघर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग स्टेशन के आस-पास आकर नकली नोट लेकर आने वाले हैं, जिसके पश्चात पुलिस की टीम ने वहां जाकर निगरानी रखनी शुरू कर दी और जैसे ही गुप्तचर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दो लोग संदिग्ध अवस्था में दिखे, वैसे ही पुलिस ने उन्हें बगल में लिया और उनकी छानबीन की तो उनके पास से करीब 49,90,500 के नकली नोट मिले।

# महंगी सब्जियों के बीच अब अदरक भी महंगी...

**मुंबई :** पिछले कुछ महीनों से सब्जियों के दाम बढ़े हुए थे, जिनकी कीमतों में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इसके बावजूद बाजारों में सब्जियों के दाम अब भी ऊंचाई पर हैं। महंगी सब्जियों के बीच मुंबईकरों को अब अदरक भी महंगी अदाएं दिखाने लगा है। बताया गया है कि पुराने अदरक की मांग अधिक होने और आपूर्ति में कमी आने के कारण कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं। थोक बाजारों में केवल २० प्रतिशत पुराने, जबकि शेष नए अदरक की आवक हो रही है। इसलिए थोक बाजारों में पुराना अदरक २१० से २२० रुपए प्रति किलो और नया अदरक ७० से ७५ रुपए प्रति किलो में बिक रहा है।

उल्लेखनीय है कि अदरक का उपयोग औषधीय रूप में भी किया जाता है। इसलिए साल के ३६५ दिन अदरक की मांग रहती है। बहरहाल इस समय मुंबई में रिमझिम बारिश शुरू है। इस मौसम में लोग अदरक वाली चाय पीना पसंद करते हैं। इसके अलावा गृहिणियां भी अदरक



का हर सब्जियों में इस्तेमाल करती हैं। इसलिए बाजार में जाते समय गृहणियां अदरक खरीदने से नहीं हिचकिचाती हैं। अदरक व्यापारियों के मुताबिक, पिछले तीन माह से अदरक की आवक कम है, इसलिए दाम बढ़ गए हैं। इस वर्ष पर्याप्त बारिश भी नहीं हुई है, जिस कारण उत्पादन कम हो गया है। इसका असर आवक पर पड़ा है। शनिवार को थोक बाजार में छह गाड़ियां आईं और ६९७ क्विंटल ही आवक हुई। इसमें भी पुराने अदरक की मांग ज्यादा होने से इसके दाम ऊंचे हैं।

बारिश के कारण धनिया, मिर्च, अदरक, टमाटर, तोरई, लहसुन महंगा होने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। जहां महिलाएं एक हफ्ते पहले एक से दो किलो टमाटर खरीद रहीं थी, वहीं अब २५० ग्राम से ही काम चला रही हैं। ठाणे मार्केट में सब्जियों का व्यवसाय करनेवाले हरिश्चंद्र गुप्ता का कहना है कि बारिश से पहले टमाटर समेत सभी हरी सब्जियां काफी सस्ती बिक रहीं थी, लेकिन अब इनकी बिक्री काफी कम हो गई है। कुछ लोग तो सिर्फ दालों से ही काम चला रहे हैं। सब्जियों के बढ़ते दामों ने आम आदमी के बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

एड. विनयकुमार सिंह ने कहा कि रोजमर्रा की वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं। ऐसे में खाने का स्वाद बिगड़ता जा रहा रहा है। सरकार को चाहिए कि वह महंगाई पर लगाम लगाए, ताकि आम लोगों को दिक्कत न हो। कुछ दिनों पहले तक सस्ते में बिक रहा पुराना अदरक अब २१० से २२० रुपए और नया अदरक ७० से ७५ रुपए प्रति किलो बिक रहा है। इसी तरह कई अन्य सब्जियां भी महंगी बिक रही हैं, जिसने गृहिणियों के बजट को डगमगा कर रख दिया है।

# पांच लाख से ऊपर कंजक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या!

**मुंबई :** महाराष्ट्र में बारिश की शुरूआत होते ही 'आई फ्लू' का कहर शुरू हो गया, जो बदस्तूर जारी है। हालांकि, इसे कंट्रोल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे तमाम उपाय नाकाम साबित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश में कंजक्टिवाइटिस के मरीजों की संख्या पांच लाख से ऊपर पहुंच गई है। इसमें सबसे चौंकानेवाली जानकारी यह सामने आई है कि पुणे ने बुलढाणा को पीछे छोड़ दिया है। इस जिले में कंजक्टिवाइटिस मरीजों की सबसे अधिक संख्या हो गई है। दूसरी तरफ राज्य के २० जिलों में १० हजार के पार आई फ्लू के मरीज पाए गए हैं। मुंबई और महाराष्ट्र समेत हिंदुस्थान के विभिन्न राज्यों में इस बार मानसून की बारिश सामान्य से ज्यादा दिनों तक रही है। अब इसके कुछ प्रतिकूल परिणाम सामने आने लगे हैं। डेंगू और मलेरिया के मामलों में वृद्धि के साथ ही आंखों की समस्या में भी भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है।



स्वास्थ्य विभागों द्वारा बहुत पहले ही इससे बचने की एडवाइजरी भी जारी की गई है। फिलहाल, महाराष्ट्र में बीते दो महीनों यानी २५ अगस्त तक 'आई फ्लू' से पीड़ित मरीजों की संख्या ५,०७,१०७ हो गई है, वहीं प्रदेश के पुणे, बुलढाणा, जलगांव, नांदेड़, अमरावती, चंद्रपुर और परभणी जिलों में इसका सबसे ज्यादा प्रभाव देखा जा रहा है। इसके साथ ही राजधानी मुंबई में इसका सबसे अधिक असर है। अस्पतालों में कंजक्टिविटिस की समस्या से ग्रसित मरीजों की तादाद पिछले कुछ सप्ताह में बढ़ गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके लिए मौसम को मुख्य रूप से जिम्मेदार मान रहे हैं।

अब सबसे ज्यादा मरीजों की बाढ़ पुणे जिले में आई है। यह अब तक ६७,७५१ मामले मिले हैं। इसके बाद बुलढाणा में ४५,८६५ मरीज मिले हैं। इसी तरह जलगांव में २९,४५४, नांदेड में ३५,३३७, अमरावती में २३,१९२, चंद्रपुर में २३,००१, परभणी में २२,२९३, अकोला में १५,६५४, धुले में १७,२४९, नंदुरबार में १३,७१९, नासिक में १८,४४६, संभाजीनगर में १६,४८७, वर्धा में १४,७६५, नगर में ११,५५६, मालेगांव १०,७२८, लातूर में ११,३५९, हिंगोली में १०,३००, भंडारा में १०,०५४, यवतमाल में १३,०६४, नगर में १०,७९३, सोलापुर में ९,५९२, वसीम में ९,८६५, सोलापुर में ९,५८२, कोल्हापुर में ८,७९६, पालघर ने ८,२९७, नागपुर में ८,२२६, जालना में ७,९४१, सोलापुर में ७,०६९, गोंदिया में ६,८८२, मुंबई में ५,९०७, सांगली में ५,७८१, ठाणे में ५,०९०, धाराशिव में ४,३१८, गढ़चिरौली में ४,१२०, सातारा में ३,५०३, बीड में ३,४३५, रायगढ़ में २,४४८ और रत्नागिरी में ३६३ मरीज मिले हैं।




# कृषि फसलों से लेकर चीनी उद्योग तक सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान संकट में हैं - शरद पवार



**मुंबई :** कृषि फसलों से लेकर चीनी उद्योग तक सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान संकट में हैं। खेती के माल की कीमत नहीं मिल रही है। बैंक कर्ज वसूली के लिए रोज तकादा कर रहे हैं। प्याज निर्यात पर ४० प्रतिशत शुल्क लगाया गया है। दिल्ली सीमा पर बारह महीने किसानों ने आंदोलन किए। इन बारह महीनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके सहयोगियों ने पलक तक नहीं झपकाई। मोदी सरकार ने जितना अपमान किसानों का किया, उतना किसी ने नहीं किया। ऐसे लोगों को दोबारा सत्ता में बिठाना चाहिए या नहीं, यह जनता को पैष्ठसला लेना होगा, ऐसी जोरदार टिप्पणी राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने की। उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री को सिर्फ गुजरात की चिंता है। महाराष्ट्र में आनेवाली पैष्ठक्ट्रियां गुजरात जा रही हैं। पवार ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी देश के नहीं सिर्फ गुजरात के प्रधानमंत्री हैं, ऐसा दिखाई दे रहा है। राकांपा के विभाजन के बाद शरद पवार कल पहली बार कोल्हापुर पहुंचे थे। ऐतिहासिक दशहरा चौक पर शरद पवार की संकल्प सभा हुई। इस संकल्प सभा में पवार ने उक्त बातें कहीं। इस बैठक की अध्यक्षता श्रीमंत शाहू छत्रपति महाराज ने की। इस मौके पर शरद पवार ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

बेरोजगारी और महंगाई से लोग त्रस्त हैं। किसान और युवा एक ही मांग कर रहे हैं कि हमारे पसीने की कीमत दी जाए, आज खेती की हालत खराब है। बारह महीने परिवार के सभी सदस्यों के साथ खेतों में काम करनेवाले किसानों के जीवन पर संकट आ गया है।

यवतमाल जिले में १८ दिनों में २४ किसानों ने आत्महत्या कर ली। सिर पर कर्ज का बोझ है और कर्ज चुकाने की ताकत नहीं है, ऐसी विकट परिस्थिति में भी मोदी सरकार को किसानों की ओर ध्यान देने की फुर्सत नहीं है, ऐसा पवार ने कहा।

कृषि फसलों से लेकर चीनी उद्योग तक सरकार की नीतियों का परिणाम दिखाई देने लगा है। सरकार की इस नीति के खिलाफ किसानों ने एक साल तक दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन किया। परंतु प्रधानमंत्री मोदी या उनके सहयोगियों पर जरा-सा भी फर्क नहीं पड़ा, ऐसे शब्दों में पवार ने मोदी सरकार पर हमला बोला। इस संकल्प सभा में राकांपा प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील आदि नेता उपस्थित थे।

ईडी का इस्तेमाल विपक्षी पार्टी के लोगों को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। लेकिन जिनकी भूमिका सत्य है, वे ईडी से नहीं डरते। पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख, पूर्व मंत्री नवाब मलिक, शिवसेना नेता संजय राउत ईडी से नहीं घबराते। उन्हें जेल में डाल दिया गया था तो भी वह डरनेवाले नहीं हैं, ऐसा शरद पवार ने कहा।

कोल्हापुर का इतिहास बहादुरी का है, इसलिए मैंने सोचा था कि अगर ईडी का नोटिस यहां आएगा तो लोग उसका सामना करने की ताकत दिखाएंगे। लेकिन यहां तो कुछ अलग ही हुआ। उनके घर की महिलाओं ने ईडी और सरकार से कहा कि आप अन्याय कर रहे हैं, छापेमारी करने की जगह हमें गोली मार दीजिए। बहनों ने जो साहस दिखाया, वह साहस घर के पुरुष नहीं दिखा सके। साहस दिखाने की बजाए वे भाजपा के साथ चले गए। अब भाजपा जहां कहेगी वहां बैठेंगे और ईडी से छुटकारा पा लेंगे, ऐसा पवार ने बिना हसन मुश्रीफ का नाम लिए बिना कटाक्ष किया।

# कल्याण शहर पर नशे के सौदागरों की नजर, दो ड्रग्स तस्करों प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार



**कल्याण :** भिवंडी के बाद अब कल्याण शहर में नशे के सौदागरों की नजर बनी हुई है। इसी कड़ी में शहर के युवाओं को कफ सिरप के रूप में नशा बांटा जा रहा है। सप्लाई के लिए कफ सिरप की बड़ी खेप शहर में मंगवाई गई थी, जिसकी सूचना महात्मा फुले को मिली। एसीपी कल्याण जी घेटे ने तत्काल पुलिस की एक टीम गठित करके छापेमारी करवाया। इस छापेमारी में दो ड्रग्स तस्करों प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में कफ सिरप बरामद किया है। गिरफ्तार तस्करों को कोर्ट ने 27 अगस्त तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। महात्मा फुले पुलिस थाने के (क्राइम) पुलिस अधिकारी प्रदीप पाटील ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध शराब एवं नशा के विरुद्ध लगातार चलाई जा रही छापेमारी अभियान के क्रम में गुरुवार को गुप्त सूचना मिली थी कि कल्याण-पश्चिम पतरी पुल के पास कफ सिरप अवैध तरीके से मंगाया जाने वाला है, जिसकी सप्लाई शहर में की जाएगी। इस कफ सिरप का इस्तेमाल असामाजिक तत्वों के द्वारा नशा के रूप में किया जाता है। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा बताए पते पर छापामारी करते हुए इरफान शेख (30) और शौकत इकबाल शेख (37) नामक ड्रग्स तश्कर को गिरफ्तार कर उनके पास से 42 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। जांच अधिकारी किरण भिसे ने बताया कि कुल तीन तस्कर थे, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए एक मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार दोनों तस्करों को कोर्ट ने 27 अगस्त तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# स्कूली शिक्षा-परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं, वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा



**मुंबई :** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा-परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। शिक्षा मंत्रालय की ओर से शिक्षा क्षेत्र में लगातार परिवर्तन किए जा रहे हैं। यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के प्रावधानों को लागू करते हुए किए गए हैं। जिसके अनुसार, अब बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन वर्ष में दो बार होगा, जिसमें छात्र-छात्राओं के पास यह छूट होगी कि वह दोनों ही सत्रों की परीक्षाओं में से बेस्ट मार्क्स को फाइनल मान सकते हैं। बोर्ड परीक्षा सभी बोर्डों की ओर से साल में एक बार ही आयोजित की जाती है। शिक्षा मंत्रालय ने नए एग्जाम पैटर्न आधारित बोर्ड परीक्षाएं छात्रों की विषयों को लेकर समझ व प्रतिस्पर्धात्मक उपलब्धियों का मूल्यांकन करेंगी। इसके अलावा क्लास में कॉपियों को 'कवर' करने के वर्तमान चलन से बचा जाएगा। साथ ही कॉपियों की लागत को अनुकूलित किया जाएगा। साथ ही स्कूल बोर्ड उचित समय में 'ऑन डिमांड' परीक्षा की पेशकश करने की क्षमता विकसित करेंगे। छात्रों के लिए अच्छी बात यह है कि साल में दो बार परीक्षा के आयोजन के बाद वही अंक फाइनल माने जाएंगे, जो अच्छे होंगे। शिक्षा मंत्रालय की ओर से किए गए परिवर्तन के तहत क्लास ११ व क्लास १२ के छात्रों को अब स्ट्रीम चुनने की बाध्यता को हटा दिया गया है। अब छात्र-छात्राओं को इन क्लासों में अपने पसंद के सब्जेक्ट सेलेक्ट करने की छूट होगी। इसके अलावा शिक्षा मंत्रालय ने यह भी कहा है कि छात्रों को दो भाषाओं का अध्ययन करना होगा, कक्षा ११वीं और १२वीं में कम से कम एक भाषा भारतीय होनी चाहिए। २०२४ में पाठ्य पुस्तकें बनाई जाएंगी। फिलहाल की स्थिति में सभी बोर्डों के करिकुलम के अनुसार स्टूडेंट्स को साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स, वोकेशनल आदि में से किसी एक का चयन करना होता है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा निरीक्षण और एनएसटीसी समिति की संयुक्त कार्यशाला के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि कस्तूरीरंगन के मार्गदर्शन में संचालन समिति ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए पाठ्यक्रम तैयार किया है। उन्होंने इसे सरकार को सौंप दिया है।

# महिला द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या!

## साजिश में शामिल 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज




**वसई :** नालासोपारा में रहने वाली एक महिला द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही पति की हत्या का मामला सामने आया है। साथ ही हत्या को दुर्घटना होने का नाटक रचा गया, लेकिन पुलिस को शक हुआ तो जांच में पता चला कि हत्या का मामला है। पेल्हार पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर ली है। इस मामले में हत्या की साजिश में शामिल 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नालासोपारा-पूर्व धानिव बाग निवासी रिजाय अली (55) अपनी पत्नी और अन्य परिचितों के साथ 21 अगस्त को कलंब समुद्र तट पर टहलने गए थे। वहां उनका एक्सीडेंट हो गया और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहीं उनकी मौत हो गई। इस मामले में तुलिंज पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया था, लेकिन मृतक की पत्नी मंसूरा (35) यह जानकारी नहीं दे पाई कि हादसा कहां और कैसे हुआ। इससे पुलिस को शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने जांच किया तो साफ हो गया कि हत्या पत्नी ने ही की है। मृतक रियाज की पत्नी मंसूरा नालासोपारा में गणेश पंडित की किराना दुकान में काम करती है, वहीं उसका प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इन दोनों का रिश्ता पिछले 2-3 सालों से चल रहा था। प्रेमी और प्रेमिका ने मिलकर उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। पति को घुमाने के बहाने नालासोपारा-पश्चिम के कलंब बीच पर लाया गया और उसकी हत्या कर दी गई। पेल्हार पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लब्दे ने बताया कि इस मामले में मंसूरा और उसके प्रेमी गणेश पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चंद्रयान-3 के वैज्ञानिकों से मिलकर भावुक हुए पीएम मोदी

## कहा-आपके दर्शन करना चाहता था; चांद पर लैंडर जहां उतरा, वह 'शिवशक्ति पॉइंट' कहलाएगा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह इसरो के कमांड सेंटर में चंद्रयान-3 टीम के वैज्ञानिकों से मिले। यहां उन्होंने 3 घोषणाएं कीं। पहली- 23 अगस्त को हर साल भारत नेशनल स्पेस डे मनाएगा। दूसरा- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह शिव-शक्ति पॉइंट कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पद चिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा। मोदी ने 45 मिनट के भाषण में कहा, मैं साउथ अफ्रीका में था, फिर ग्रीस के कार्यक्रम में चला गया, लेकिन मेरा मन पूरी तरह आपके साथ ही लगा हुआ था। मेरा मन कर रहा था आपको नमन करूं। लेकिन मैं भारत में (रुंधे गले से) भारत में आते ही जल्द से जल्द आपके दर्शन करना चाहता था। मोदी बोले, मैं आपको सैल्यूट करना चाहता था। सैल्यूट आपके परिश्रम को, सैल्यूट आपके धैर्य को.. सैल्यूट आपकी लगन को, सैल्यूट आपकी जीवटता को... सैल्यूट आपके जज्बे को। प्रधानमंत्री सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर बेंगलुरु के इसरो के कमांड सेंटर पहुंचे। यहां वे चंद्रयान-3 की टीम के वैज्ञानिकों से मिले। इसरो कमांड सेंटर पर इसरो चीफ एस सोमनाथ ने पीएम मोदी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पीएम ने सोमनाथ को गले लगाया और पीठ थपथपाई। उन्हें चंद्रयान 3 मिशन के सफल होने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने टीम के सभी वैज्ञानिकों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।

# 'फुले-शाहू-आंबेडकर की सोच भाषण से नहीं, कृति से दिखाएं : अजीत पवार



बारामती: बारामती में आज अजित पवार का नागरिकों द्वारा अभिनंदन किया गया। शुरुआत में अजित पवार का सैन्य जुलूस निकाला गया। बारामतीकरों ने दोनों तरफ से भीड़ लगाकर अजित पवार का स्वागत किया. नागरिक अभिनंदन के बाद अजित पवार सीधे बोलने के लिए खड़े हुए. उन्होंने कहा कि मेरा एक सवाल है कि मैं बारामती के लोगों के सामने क्या बोलू? १९९१ से आपने मुझे जन प्रतिनिधि के रूप में मौका दिया है। अजित पवार आज जो कुछ भी हैं वह बारामतीकरों की वजह से हैं।

अजित पवार के खिलाफ शरद पवार का 'गनीमी कावा'; संजय राउत का बड़ा दावाघर में लोगों के सामने औपचारिक रूप से क्या कहें? मेरे पास ऐसा प्रश्न है. पाँचवीं बार मुझे एकनाथ शिंदे के मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री का अवसर मिला। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सत्ता में आ गई है।पवार ने आगे कहा कि एनसीपी के गठन के बाद से काम करने वाले वरिष्ठ नेता आज सरकार में शामिल हो गए हैं। हमारे सहयोगियों ने अलग-अलग खातों का कार्यभार संभाला है। हमें महापुरुषों के विचारों को लेकर आगे बढ़ना होगा। मैं काम में डूबा रहने वाला व्यक्ति हूं, मैं ऐसा कार्यकर्ता हूं जिसे काम में आनंद आता है। मैं देख रहा हूं कि पुणे, पिंपरी-चिंचवड़ और अन्य महाराष्ट्र में विकास कैसे किया जा सकता है।

# भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हराकर जीता गोल्ड



ऑस्ट्रेलिया : भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने आईबीएस वर्ल्ड गेम्स में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने ९ विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने आईबीएस वर्ल्ड गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम आईबीएस वर्ल्ड गेम्स में अपना दमदार प्रदर्शन दिखाया। टूर्नामेंट का पहला ही मैच भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था जिसमें उसने ८ विकेट से जीत हासिल की थी। इसके बाद टीम इंडिया ने इंग्लैंड को पटखनी दी थी। भारतीय टीम का तीसरा मैच भी ऑस्ट्रेलिया के साथ ही हुआ था। उस मुकाबले में भी भारत ने दमदार जीत हासिल की थी।

# पुणे बेंगलुरु हाई-वे पर हादसा, तीन की मौत



वाई: मुंबई से जयसिंगपुर तक सातारा शहर की सीमा में पुणे-बैंगलोर राजमार्ग पर एक दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए, जब एक कार का टायर फट गया और एक अन्य खड़ी कार से जा टकराई। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सातारा के क्रांति सिंह नाना पाटिल सरकारी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.हादसा इतना जबरदस्त था कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. एक महिला की हालत गंभीर है.मृतकों के नाम निखिल शशिकांत चौखंडे, प्रियंका निखिल चौखंडे, शशिकांत यदुनाथ चौखंडे हैं. घायलों के नाम उपलब्ध नहीं हो सके हैं. घटना की सूचना मिलते ही सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन का पंचनामा कर मौके से हटाया गया. घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

# तमिलनाडु के मदुरै में ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग, 10 की मौत

## यूपी के 63 लोगों ने तीर्थयात्रा के लिए बुक किया था, कॉफी बनाते समय सिलेंडर फटा





**लखनऊ (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के प्राइवेट कोच में आग लग गई। शनिवार तड़के हुए हादसे में यूपी के 10 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 50 लोग झुलस गए। प्राइवेट कोच में यूपी के 63 तीर्थयात्री सफर कर रहे थे। हादसे के वक्त कोच यार्ड में खड़ा था। यह कोच 17 अगस्त को लखनऊ जंक्शन से रवाना हुआ था। कोच को रविवार को चेन्नई से लखनऊ लौटना था। मदुरै कलेक्टर एमएस संगीता ने बताया कि कोच में सभी यूपी के तीर्थयात्री थे। इस कोच को मदुरै में दो दिन तक रुकना था। यात्रियों ने आज सुबह कॉफी बनाने के लिए स्टोव जलाया, तो सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। मृतकों में छह लोगों का नाम-पता चला है। इनमें शत्रुदमन सिंह निवासी सीतापुर, मिथिलेश कुमारी निवासी सीतापुर, शांति देवी निवासी लखीमपुर, मनोरमा अग्रवाल निवासी लखनऊ, हिमानी बंसल निवासी लखनऊ और परमेश्वर दयाल शामिल हैं। परमेश्वर का पता कन्फर्म नहीं है। सीतापुर के आरएसएस स्वयंसेवक शिव प्रताप सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर लिखा- मैं चार लोगों को लाद कर बाहर निकाल लिया, लेकिन अपनी मिसेज और बहनोई शत्रुदमन सिंह को नहीं निकाल पाया। हार कर गिर गया। रेलवे के मुताबिक, हादसा मदुरै यार्ड पर खड़े कोच में सुबह 5.15 मिनट पर हुआ। 5 बजकर 45 मिनट पर फायर टीम पहुंची और 7 बजकर 15 मिनट पर आग बुझा ली गई। ये प्राइवेट कोच शुक्रवार को नागरकोल जंक्शन पर पुनालूर-मदुरै एक्सप्रेस (16730) में जोड़ा गया था। ट्रेन सुबह 3 बजकर 47 मिनट पर मदुरै रेलवे स्टेशन पहुंची थी। वहां इस कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया। कोच में आग लगने का मुख्य कारण सिलेंडर रहा, जिसे अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। रेलवे के अनुसार,आईआरसीटीसी से कोई भी कोच की बुकिंग कर सकता है, लेकिन सिलेंडर ले जाने पर रोक है। इसके बावजूद सिलेंडर लेकर कोई यात्री सवार हुआ। घटना वाली जगह पर एनडीआरएफ समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर हैं।

# नफरत की संबंधी अपराधों को रोकने के लिए सुको सख्त, 2018 के दिशानिर्देश होंगे कठोर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह भीड़ हिंसा, नफरत फैलाने वाले भाषणों और पीट-पीटकर हत्या (लिंचिंग) से निपटने के लिए अपने 2018 के दिशानिर्देशों को और कठोर बनाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कट्टरता फैलाने वाले सार्वजनिक बयानों के दोषियों के साथ समान रूप से निपटा जाए, भले ही वे किसी भी समुदाय के हों। सुप्रीम कोर्ट ने सामाजिक कार्यकर्ता तहसीन पूनावाला की याचिका पर सात जुलाई, 2018 को दिए एक महत्वपूर्ण फैसले में नफरत फैलाने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए कई दिशानिर्देश जारी किए थे और राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति जैसे निवारक और उपचारात्मक उपाय करने का निर्देश दिया था,जो ऐसी गतिविधियों पर नजर रखे। प्रीम कोर्ट ने अपने 2018 के फैसले के अनुपालन पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से तीन सप्ताह के भीतर ब्योरा जुटाने के लिए केंद्र सरकार को शुक्रवार को निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह भी कहा कि अगर दिए गए समय तक जानकारी नहीं प्राप्त होती है तो उसे सुनवाई की अगली तारीख को इस बारे में सूचित किया जाए। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने गृह मंत्रालय से 2018 के फैसले के अनुपालन के तहत राज्यों द्वारा नोडल अधिकारियों की नियुक्ति का विवरण देते हुए एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि उसने सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी 2018 के दिशानिर्देशों का अध्ययन किया है और उसका मानना है कि कुछ और तत्वों को जोड़े जाने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें विभिन्न राज्यों में नफरत फैलाने वाले भाषणों पर अंकुश लगाने के निर्देश देने की मांग की गई है। इन याचिकाओं में हरियाणा के नूंह और गुरुग्राम में हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुसलमानों के सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले हिंदू संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याचिका भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों के अधिकारों से जुड़ी याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब, बचपन बचाओ आंदोलन को लेकर चल रहा मामला शुक्रवार को बचपन बचाओ आंदोलन की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। याचिका में यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के शिकार बच्चों के मौलिक अधिकारों को लागू करने की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले को इस प्रकार की शिकायतें उठाने वाली अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ा।

## ट्रांसजेंडर व्यक्ति ने आरक्षण की मांग को लेकर दायर की याचिका, SC ने केंद्र और राज्यों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल में एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति ने ट्रांसजेंडर लोगों के लिए सार्वजनिक रोजगार और शिक्षा में आरक्षण की मांग करते हुए एक याचिका दायर की इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सनुवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जवाब मांगा है। बता दें कि केरल के एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई कर रही थी। इस सुनवाई के दौरान जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ से कहा कि याचिका में सरकारी रोजगार और शिक्षा में ट्रांसजेंडर लोगों के लिए आरक्षण की मांग की गई है, तो पीठ ने शुरू में उनसे कहा कि आप उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते हर कोई (अनुच्छेद) 32 के अंतर्गत क्यों आता है आप उच्च न्यायालय जाएं। इसके बाद वकील ने पीठ से कहा कि उन्होंने शीर्ष अदालत का रुख किया है क्योंकि याचिका में सभी राज्यों को पक्षकार बनाया गया है, जिसके बाद अदालत ने नोटिस जारी किया। संविधान का अनुच्छेद 32 भारतीय नागरिकों को उचित कार्यवाही के माध्यम से अपने मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए सीधे शीर्ष अदालत में जाने का अधिकार देता है।

# विपक्षी गठबंधन की बैठक के लिए एमवीए ने बनाईं समीतियां, मीडिया-आवास और परिवहन की सौंपी जिम्मेदारी




**मुंबई एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में आयोजित होगी। इसे लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। शिवसेना (यूबीटी), राकंपा और कांग्रेस गठबंधन महाविकास अघाड़ी दल (एमवीए) ने कई समितियों का गठन किया है। बता दें, इंडिया की तीसरी दो दिवसीय बैठक 31 अगस्त से एक सितबंर तक मुंबई में होगी। एमवीएम सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मीडिया, सोशल मीडिया, आवास और परिवहन सहित तमात चीजों की देखरेख के लिए कई समितियों का गठन किया गया है। कांग्रेस को मीडिया और प्रचार का जिम्मा दिया गया है तो वहीं, राकांपा परिवहन का काम संभालेगी। इसके अलावा, शिवसेना को आवास की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विपक्षी गठबंधन के नेताओं के लिए ग्रैंड हायात होटल में 200 से अधिक कमरे बुक किए हैं। बता दें, हर समिति में दो-दो नेताओं को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार, बैठक के प्रबंधन की जिम्मेदारी कांग्रेस नेता मिलिंद देवड़ा, नसीम खान और वर्षा गायकवाड़ को सौंपी गई है। वहीं, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण आयोजन समिति के समग्र प्रभारी होंगे। एमवीए 30 अगस्त को बैठक का विवरण साझा करने के लिए एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित करेगी। बता दें, विपक्षी गठबंधन इंडिया की पहली बैठक पटना में हुई थी और दूसरी बैठक बंगलूरू में आयोजित की गई थी। एक दिन बाद शुक्रवार को वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने नवगठित विपक्षी गुट की आलोचना की। उन्होंने इसे भ्रम और विरोधाभास का जमावड़ा बताया। साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता इस गठबंधन को बुरी तरह परास्त कर देगी। कारगिल में युवाओं के एक समूह के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के बाद अब पार्टी 2024 में भी जीत हासिल करेगी।

# स्मार्ट सिटी श्रीनगर में अब बसें भी होंगी स्मार्ट

**श्रीनगर, एजेंसी।** श्रीनगर में कुछ मार्गों पर चलने वाली आधुनिक बसें सर्वोत्तम सुविधाओं से सुसज्जित हैं। स्मार्ट सिटी के सीईओ अतहर आमिर खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह सेवा जल्द ही जनता के लिए शुरू की जाएगी और इससे निश्चित ही सार्वजनिक परिवहन सेवा बेहतर बनेगी।

कश्मीर बदल भी रहा है और स्मार्ट भी बन रहा है। श्रीनगर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत शहर में कई ऐसे निर्माण किये गये हैं या बुनियादी ढांचे में बदलाव किये गये हैं जिससे यहां की सूरत ही बदल गयी है। इसके अलावा कश्मीर में सार्वजनिक परिवहन के साधनों को भी स्मार्ट बनाया जा रहा है। इसके तहत श्रीनगर में स्मार्ट इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जा रही हैं जिनका ट्रायल रन किया गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न मार्गों पर इन इलेक्ट्रिक बसों का परीक्षण किया। अधिकारियों ने कहा कि छह स्मार्ट इलेक्ट्रिक बसों के परीक्षण का उद्देश्य इस सेवा की औपचारिक शुरुआत से पहले सभी प्रणालियों की जांच करना था।

उन्होंने कहा कि श्रीनगर में कुछ मार्गों पर चलने वाली यह आधुनिक बसें सर्वोत्तम सुविधाओं से सुसज्जित हैं। स्मार्ट सिटी के सीईओ अतहर आमिर खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह सेवा जल्द ही जनता के लिए शुरू की जाएगी और इससे निश्चित ही सार्वजनिक परिवहन सेवा बेहतर बनेगी।

# चंडीगढ़ मॉडल जेल में बंद हुनरबाज कैदियों ने रद्दी से मूर्तियां और पेंटिंग में उकेरा अपना हुनर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** मॉडल जेल के अंदर बंद कैदियों ने रद्दी से मूर्तियों और पेंटिंग के जरिए अपने हुनर को बाहरी दुनिया में प्रदर्शित किया है। अब जेल प्रशासन की तरफ से कैदियों की तरफ से रद्दी से तैयार विभिन्न तरह की मूर्तियां,पेंटिंग और लकड़ी के सामान की प्रदर्शनी आयोजित की गई है। सेक्टर-10 स्थित गवर्नमेंट म्यूजियम आर्ट गैलरी में लगने वाली प्रदर्शनी 8 सितंबर तक रहेगी।

इस दौरान कोई भी अपने पसंद के सामान की बुकिंग कर सकता है। जेल प्रशासन की तरफ से बुकिंग वाला सामान उक्त व्यक्ति को निर्धारित समय के अंदर सेक्टर-22 स्थित जेल प्रशासन की सृजन शाप से मिलेगी। इनकी कीमत बाजार के दाम से कम होगी।

जेल प्रशासन की तरफ से कलाकृति में रुचि रखने वाले 200 से ज्यादा कैदियों को जोड़ा है। जेल सहित अन्य सरकारी विभाग से निकलने वाले अखबार सहित दूसरे रद्दी से कैदियों की टीम ने मूर्तियां तैयार किया है। इसमें रद्दी के साथ पीओपी सहित अन्य जरूरी सामग्री को मिलाकर मूर्तियां बनाई है। इसमें भगवान, महापुरुषों सहित अन्य की आकर्षक मूर्तियां विभिन्न तरह के आकार में तैयार



किया है। इसमें मूर्तियों के आकार के हिसाब से एक मूर्ति बनाने में समय और लागत लगती है। इन कैदियों को ट्रेनिंग देने के लिए प्रशासन की तरफ से टीचर भी नियुक्त है।

अक्सर जेल की दीवारों का रंग सफेद या पीला देखा जाता है लेकिन मॉडल जेल की दीवारें इन दिनों पूरी तरह से रंगों से सजी हुई हैं। जेल की दीवारों का सजाने का काम करने वाले कोई आम मजदूर नहीं है बल्कि जेल में ही बंद कैदियों ने किया है। जेल में कैद कैदियों के द्वारा रद्दी से बनाई पेंटिंग का भी कोई जवाब नहीं है। किसी ने शानदार पेंटिंग बनाकर ट्राइसिटी में डंका बजाया है। जेल के कैदियों की ओर से बनाई गई।




# बॉलीवुड में सलमान खान ने पूरे किए 35 साल

## सोशल मीडिया पर खास अंदाज में फैंस को कहा शुक्रिया!



**बॉलीवुड** के भाईजान यानी सलमान खान को 26 अगस्त को फिल्म इंडस्ट्री में 35 साल पूरे हो गए हैं. एक्टर ने 1988 में बीवी हो तो ऐसी से बॉलीवुड डेब्यू किया था. जिसके बाद उन्होंने मैंने प्यार किया, बागी, सनम बेवफा, पत्थर के फूल, साजन, जैसी अनेक हिंदी फिल्मों में काम किया और बॉलीवुड को एक के बाद कई हिट फिल्में भी दीं.

एक्टिंग की दुनिया में 35 साल का सफर पूरा करने पर सलमान खान ने अपने फैंस को शक्रिया कहा है. सलमान खान ने अपनी फिल्मों के कुछ सीन्स का कॉलाज वीडियो शेयर किया है जिसमें उनकी फिल्मों के कुछ फेमस डायलॉग्स और गाने के स्टेप्स हैं. वीडियो शेयर करते हुए सलमान ने लिखा- '35 साल 35 दिनों की तरह बीत गए, आपके प्यार के लिए शुक्रिया.'

सलमान खान के इस वीडियो पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. एक शख्स ने कमेंट किया- 'यहां कभी कोई दूसरा सलमान खान नहीं हो सकता.' एक दूसरे फैन ने लिखा- 'मैं बूढ़ा भी हो जाऊंगा तो भी सलमान खान हमेशा मेरे फेवरेट रहेंगे.' इसके अलाव एक यूजर ने लिखा- 'बॉलीवुड इंडस्ट्री में पूरे 35 साल पूरे करने के लिए बधाई और हमे एंटरटेन करने के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया.'

सलमान खान आखिरी बार बड़े पर्दे पर फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में दिखाई दिए थे. इसके अलावा उन्हें 'बिग बॉस ओटीटी 2' को होस्ट करते भी देखा गया था. अब वे अपनी मोस्ट अवेटेड अपकमिंग फिल्म 'टाइगर 3' में नजर आने वाले हैं.

यश चोपड़ा के बैनर तले बनी फिल्म 'टाइगर 3' को मनीष शर्मा डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म 10 नवंबर 2023 को रिलीज होगी. फिल्म में एक बार फिर उनके साथ कैटरीना कैफ लीड एक्ट्रेस के रोल में नजर आएंगी. इसके अलावा इमरान हाशमी, विशाल जेठवा और रिद्धी डोगरा भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे.

# बॉलीवुड में एक बेहद स्मार्ट विलेन की एंट्री!

## 'द फ्रीलांसर' में निभाया ऐसा रोल, टाइगर श्रॉफ से भी कर चुके फाइट

**वेब** सीरीज 'द फ्रीलांसर' का ट्रेलर हाल में रिलीज हुआ है. यह सीरीज 'ए टिकट टू सीरिया' पर आधारित है. सीरीज में मोहित रैन लीड रोल निभा रहे हैं, जबकि सपोर्टिंग रोल में अनुपम खेर हैं. वहीं, सीरीज में मुख्य विलेन नवनीत मलिक बने हैं. नवनीत ने न्यूज 18 से एक्सक्लुसिव बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के साथ सीरीज में अपने किरदार के बारे में बताया. उन्होंने बताया कि सीरीज की कहानी सीरिया में आईएसआईएस की गिरफ्त में फंसी एक लड़की को छुड़ाने की कहानी है. इसे नीरज पांडे डायरेक्ट किया है. नीरज ने ही 'स्पेशल उप्स' बनाई है.

नवनीत मलिक ने बताया कि वह हरियाणा के रोहतक रहने वाले हैं. उनकी पढ़ाई-लिखाई यहीं हुई हैं. उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में बी. टेक किया और इसी दौरान उन्होंने मॉडलिंग में अपना हाथ आजमाया और ऑडिशन में दिया. उन्होंने साल 2014 में एक मॉडल लुक कंपीटिशन में हिस्सा लिया और इसके विनर भी बने. इसके बाद उन्होंने मुंबई का रुख किया और मॉडलिंग में करियर बनाना शुरू किया. इसी दौरान उन्हें 'लव हॉस्टल' में काम करने ऑफर मिला.



'लव हॉस्टल' नवनीत की यह डेब्यू फिल्म थी. इसके बाद वह तारा सुतारिया के अपॉजिट फिल्म 'हीरोपंती 2' में दिखे. इस फिल्म में उनका नेगेटिव रोल था. अब 'फ्रीलांसर' में मुख्य विलेन मोहसीन का किरदार निभा रहे हैं. यह सीरीज 1 सितंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी.

# प्रियंका चाहर चौधरी की लॉटरी लग गई!

**पॉपुलर** टीवी एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी की अब लॉटरी लग गई है। उडारियां और बिग बॉस से फेम हासिल करने के बाद उन्हें धड़ाधड़ प्रोजेक्ट्स मिल रहे हैं। एक्ट्रेस अबतक कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी हैं। वहीं, अब उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। जल्द ही प्रियंका चाहर चौधरी एक बड़े बॉलीवुड एक्टर के साथ स्क्रीन पर रोमांस करते नजर आने वाली हैं।



दरअसल, अब प्रियंका चाहर चौधरी को बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा के साथ ऑन स्क्रीन इश्क फरमाने का चांस मिला है। यानी जल्द ही अब वो रणदीप हुड्डा के अपोजिट नजर आएंगी। बता दें, इस फ्रेश जोड़ी को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इसी बीच अब इनके नए प्रोजेक्ट को लेकर कई डिटेल्स सामने आ गई हैं। साथ ही रणदीप और प्रियंका के प्रोजेक्ट से उनका फर्स्ट लुक भी रिवील हो गया है। सामने आई तस्वीर में एक्ट्रेस लाल सलवार सूट, चूडा और मंगलसूत्र पहने बेहद प्यारी लग रही हैं। उन्होंने एक टिपकल पंजाबी दुल्हन का लुक लिया है।

वहीं, रणदीप हुड्डा इस तस्वीर में ब्लू शर्ट, ब्राउन पैंट, वेस्टकोट और मफलर पहने हुए नजर आ रहे हैं। इन दोनों को देखकर साफ समझ आ रहा है कि ये न्यूली वेड कपल बनकर दिखाई दे सकते हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इस प्रोजेक्ट की स्टोरी रोमांटिक ड्रामा होगी। तस्वीर में इनकी फ्रेश केमिस्ट्री की झलक दिखाई दे रही है। ऐसे में फैंस भी इनके लुक को देखकर बेकाबू हो गए हैं। हालांकि अभी तक ये जानकारी नहीं मिली है कि ये एक टीवी शो होगा, बॉलीवुड फिल्म होगी या फिर वेब सीरीज। लेकिन ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि रणदीप हुड्डा और प्रियंका चाहर चौधरी को एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ में कास्ट किया गया है, जिसका नाम 'जोहराजबीं' हो सकता है। बात अगर प्रियंका के वर्क फ्रंट की करें तो उन्होंने टीवी शो उडारियां से इंडस्ट्री में एंट्री मारी थी। इसके बाद वो बिग्ग बॉस में नजर आई। अब वो लगातार म्यूजिक वीडियो करती नजर आ रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ रणदीप की फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' रिलीज के लिए तैयार है। इसमें वो वीर सावरकर के किरादर में दिखाई देने वाले हैं।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com